


# टेलीविजन अकादमी अवॉर्ड्स में शामिल होना खास : नेहा

**अभिनेत्री** नेहा हरसोरा का कहना है कि 25वें इंडियन टेलीविजन अकादमी अवॉर्ड्स में शामिल होना उनके लिये बेहद खास रहा. स्टार प्लस के शो उड़ने की आशा में सायली का किरदार निभा रहीं नेहा हरसोरा के लिए यह पल निजी और प्रोफेशनल दोनों ही तरह से बेहद खास रहा, जब वह 25वें इंडियन टेलीविजन अकादमी अवॉर्ड्स में शामिल हुईं. भारतीय टेलीविजन के सिल्वर जुबली जश्न के तौर पर आयोजित इस समारोह ने पूरे इंडस्ट्री के लिए खास मायने रखे. बीते 25 सालों से आईटीए अवॉर्ड्स का प्रसारण लगातार स्टार प्लस पर होता आ रहा है, ऐसे में यह मौका अलग-अलग पीढ़ियों के कलाकारों के लिए भावनात्मक रहा और नेहा के लिए यह गर्व और यादों से भरा एक यादगार लम्हा बन गया. नेहा ने इस ऐतिहासिक मौके का हिस्सा बनने को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, '25वें आईटीए अवॉर्ड्स में मौजूद होना वाकई बहुत एक्साइटिंग था. इस साल मैंने परफॉर्म नहीं किया, लेकिन पिछले साल मैंने परफॉर्म भी किया था और मुझे बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल - जूरी) का अवॉर्ड भी मिला था. वो पल मेरे लिए बेहद इमोशनल था और सच में एक सपने के सच होने जैसा लगा.'

एक दर्शक से लेकर सम्मानित कलाकार बनने तक का नेहा का यह सफर, आईटीए की विरासत और उसके असली जज़्बे को बखूबी दर्शाता है.



# प्रभास ने की संजय दत्त की तारीफ

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के मेगास्टार प्रभास ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त की तारीफ की है. हैदराबाद में हुए द राजा साब के ग्रैंड प्री-रीलिज इवेंट ने फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं. भारत की सबसे बड़ी हॉरर-फैंटेसी फिल्म के इस धमाकेदार इवेंट में रेबेल स्टार प्रभास लंबे समय बाद पब्लिक अपीयरेंस देते नज़र आए, और बस फिर क्या... भीड़ में बिजली सी दौड़ गई. हजारों फैंस की जबरदस्त मौजूदगी ने माहौल को और भी जोशीला बना दिया.

स्टेज पर आते ही प्रभास ने बेहद अपनापन दिखाते हुए दर्शकों से बातचीत की, फिल्म की जर्नी शेयर की और पूरे कास्ट-क्रू का दिल से शुक्रिया अदा किया. लेकिन सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं उनकी संजय दत्त के लिए कही गई तारीफों ने.

प्रभास ने संजय दत्त के लिए कहा, 'संजय सर... आपकी सिर्फ स्क्रीन पर मौजूदगी ही काफी है. जब क्लोज़-अप आप पर आता है तो पूरा फ्रेम आपका हो जाता है. मैं जब उनकी सीन्स डबिंग के दौरान देख रहा था, तो अपने ही सीन भूलने लग गया.'

# सलमान स्टारर 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर रिलीज

**बॉलीवुड** के सुपरस्टार सलमान खान ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर अपनी आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीज़र रिलीज़ कर दिया है. टीज़र के सामने आते ही यह फिल्म सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है और फैंस सलमान खान के इस नए और गंभीर अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं.

टीज़र में सलमान खान अब तक के अपने सबसे दमदार और गंभीर किरदारों में से एक में नजर आ रहे हैं. वह भारतीय सेना के एक अफसर की भूमिका निभा रहे हैं. उनके चेहरे पर झलकती सख्ती, अनुशासन और भीतर दबा हुआ गुस्सा उनके किरदार की मजबूती को दर्शाता है. बिना किसी भारी-भरकम संवाद के भी सलमान खान की आंखें बहुत कुछ कहती नजर आती हैं, खासकर टीज़र के आखिरी पलों में उनकी सीधी और स्थिर नज़र दर्शकों पर गहरा असर छोड़ती है.

'बैटल ऑफ गलवान' का टीज़र देशभक्ति, साहस और बलिदान की भावना को बेहद सधी हुई शैली में पेश करता है. सीमित संवादों और खामोशी के बीच कहानी की गंभीरता साफ महसूस की जा सकती है. टीज़र में एक तनावपूर्ण माहौल रचा गया है, जो दर्शकों को वास्तविक घटनाओं की याद दिलाता है और फिल्म की गंभीरता को और मजबूत करता है. टीज़र को भावनात्मक गहराई देने का काम स्टेबिन बेन की प्रभावशाली आवाज करती है. उनकी वॉइस ओवर खामोशी को चीरते हुए कहानी में भावनाओं और बेचैनी का एहसास कराती है. वहीं, हिमेश रेशमिया का दमदार बैकग्राउंड स्कोर टीज़र की जान बनकर उभरता है.



## अक्षय पाटिल की भाबीजी घर पर हैं में वापसी



**एण्डटीवी** का लोकप्रिय कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' एक बार फिर दर्शकों को हँसी से लोटपोट करने के लिए तैयार है. शो में फैन फेवरेट किरदार पेली की वापसी हो रही है, जिसे निभा रहे हैं अक्षय पाटिल-लेकिन इस बार एक बिल्कुल नए और चौंकाने वाले अवतार में. बिना कुछ बोले ही ज़बरदस्त असर छोड़ने वाला पेली फिर से लौट आया है, और अपने साथ लेकर आया है ढेर सारी उलझन, अफरा-तफरी और ठहाकों की बरसात. अपने किरदार में वापसी को लेकर अक्षय पाटिल कहते हैं, 'मैं पेली के एकदम नए अवतार में लौटकर बेहद खुश और उत्साहित हूँ. मुझे यह किरदार हमेशा से बहुत पसंद रहा है. जैसा कि दर्शक जानते हैं, पेली पहले भी ज्यादा नहीं बोलता था और इस बार भी मैं एक शब्द नहीं बोलूँगा. खास बात यह है कि इस बार मैं महिला अवतार में नजर आऊँगा. पेली चुपचाप चिट्ठियाँ पहुँचाता है, कुछ कहता नहीं, लेकिन फिर भी पूरा हंगामा खड़ा कर देता है. गाँव में इतनी सारी खूबसूरत लड़कियाँ होने के बावजूद टीएमटी-टीका (वैभव माथुर), मलखान (विपिन हीरो) और टिल्लू (सलीम जैदी) पेली के पीछे पड़े रहते हैं, और यहीं से हालात और भी मज़ेदार हो जाते हैं.' अपने नए लुक और सेट के बदले माहौल पर बात करते हुए अक्षय आगे कहते हैं, 'यह बदलाव मेरे लिए बिल्कुल मुश्किल नहीं था, क्योंकि मैं पिछले दस सालों से इसी तरह की परफॉर्मेंस करता आ रहा हूँ.

## जुनूनी प्रेमिका का किरदार को लेकर बोलीं गौरी अग्रवाल



ज़ी टीवी का शो 'जाने अनजाने हम मिले' आने वाले एपिसोड्स में एक बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ लेने वाला है. कहानी में ये खुलासा होगा कि राघव (भरत अहलावत) को ब्लैकमेल करने के लिए जिन छेड़छाड़ की गई तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था, उनके पीछे कोई और नहीं बल्कि कीर्ति (गौरी अग्रवाल) ही है. कहानी में कीर्ति की एंट्री एक पूरी तरह पॉजिटिव किरदार के तौर पर हुई थी, लेकिन हालात और जज़्बाती धोखे ने उसके सफर को बिल्कुल अलग दिशा में मोड़ दिया. यह ट्रैक दिखाता है कि कैसे परिस्थितियां और टूटा भरोसा किसी इंसान को बुराई की ओर धकेल सकते हैं. टीवी पर किसी किरदार का इतनी तेजी से पॉजिटिव से जुनून की तरफ जाना कम ही देखने को मिलता है, और यही बात कीर्ति के ट्रैक को और ज्यादा दिलचस्प बनाती है. कीर्ति का किरदार निभा रहीं गौरी अग्रवाल इस जबर्दस्त बदलाव को पर्दे पर उतारने को लेकर खासा उत्साहित हैं. अपने किरदार पर बात करते हुए गौरी कहती हैं, 'मैं ये नहीं कह सकती कि मैं कीर्ति से जुड़ाव महसूस करती हूं, लेकिन मैं यह जरूर समझ सकती हूं कि वो किन हालात से गुजर रही है. कीर्ति से शादी का वादा किया गया था, उसे कई सपने दिखाए गए थे, और उसकी ज़िंदगी के सबसे अहम दिन, यानी शादी के दिन, उसे अकेला छोड़ दिया गया. उसी दिन दूल्हा राघव किसी और से शादी कर लेता है. शुरुआत में कीर्ति पूरी तरह पॉजिटिव थी, लेकिन हालात ने उसे जुनूनी प्रेमिका बना दिया.' एक जुनूनी प्रेमिका का किरदार निभाने की प्रेरणा को लेकर गौरी बताती हैं कि उन्हें हमेशा से मजबूत और पेचीदा किस्म के महिला किरदार आकर्षित करते रहे हैं.

# प्रभास की फिल्म द राजा साब में मालविका मोहनन की एंट्री



**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म द राजा साब में मालविका मोहनन ,भैरवी का किरदार निभाती नजर आयेंगी.

फिल्म द राजा साब की टीम ने आधिकारिक तौर पर मालविका मोहनन के किरदार भैरवी का खुलासा कर दिया है, और इस अनाउंसमेंट ने फिल्म के प्रमोशन में एक बड़ा ट्विस्ट जोड़ दिया है. भैरवी को एक रहस्यमयी, स्टाइलिश और दमदार शख्सियत के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे फिल्म की कहानी के प्रति जिज्ञासा और भी बढ़ गई है. भारत की सबसे बड़ी आने वाली हॉरर फैंटेसी कही जा रही इस फिल्म के लिए यह अनावरण उत्सुकता को एक नए लेवल पर ले गया है.

नए पोस्टर में मालविका मोहनन शीर ब्लैक साड़ी, स्टेटमेंट ब्लाउज, लेयर्ड ब्रेसलेट्स, टेक्सचर्ड हैंडबैग और सनग्लासेस को स्टाइल के साथ उठाते हुए नजर आ रही हैं. उनकी शांति भरी नजरें और आत्मविश्वासी अंदाज एक साथ एलीगेंस और खतरनाक आकर्षण दोनों को बखूबी दिखाते हैं.

पीछे दिखता सूना सा कॉरिडोर माहौल को और भूतिया बनाता है और साफ दिखाता है कि भैरवी फिल्म के रहस्य में एक बेहद अहम किरदार है. मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित द राजा साब, पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है.

# टॉक्सिक में हुमा कुरैशी बनीं एलिजाबेथ

**रॉकिंग** स्टार यश की आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक, ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी एलिज़ाबेथ के किरदार में नजर आयेंगी.

वर्ष 2026 की सबसे ज्यादा चर्चित और रहस्यमय फिल्मों में से एक यश की फिल्म 'टॉक्सिक, ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के मेकर्स ने हुमा कुरैशी की एलिज़ाबेथ के रूप में पहली झलक जारी कर दी है. हुमा इस लुक में एक कब्रिस्तान के बीच खड़ी, टूटे-फूटे पत्थर, पुराने फरिश्तों की मूर्तियों और भारी माहौल के बीच, वह एक चमकदार विंटेज काली कार के पास खड़ी हैं. कभी न देखे गए अंदाज़ में, वह शांत, नफासत से भरी, लेकिन अंदर से बेहद खतरनाक लगती हैं.



# दिल छू लेगी फिल्म साली मोहब्बत

**हाल** ही में रिलीज़ हुई हिंदी मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' दर्शकों के लिए एक बिल्कुल अलग अनुभव लेकर आई है, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म ज़ी5 पर उपलब्ध है. यह कहानी धीरे-धीरे अपने पात्रों और उनके रिश्तों के बीच खींचती है, सवाल उठाती है और आपको सोचने पर मजबूर कर देती है कि क्या हम सच-मुच उन लोगों को जानते हैं, जिन्हें हम जानते-समझते हैं.

यह किसी आम थ्रिलर जैसी 'हू-डनइट' कहानी नहीं है, बल्कि 'हाउ-डनइट' है. फिल्म की खास बात है इसका शांत और गहन अंदाज़, जो हर सीन को यादगार बना देता है. फिल्म में राधिका आप्टे ने मुख्य भूमिका निभाई है, जिनका किरदार भावनात्मक गहराई और आंतरिक मजबूती से भरा है.

**राधिका का कहना है-** 'साली मोहब्बत' कोई आम क्राइम थ्रिलर नहीं है, जिसमें तेज़ एक्शन और भागदौड़ देखने को मिले. यह प्यार, धोखे, विश्वासघात और हत्या के इर्द-गिर्द घूमती यह फिल्म धीरे-धीरे आगे बढ़ती है. इसका माहौल शांत है, ठहरा हुआ है और आपको अपने अंदर खींच लेता है.

यह कहानी दर्शकों के सामने एक ऐसा प्रश्न रख देती है, जिसका जवाब ढूँढने में दिमाग के सारे पूर्जे हिल जाते हैं कि क्या हम वास्तव उन लोगों को जानते भी हैं, जिन्हें हम अपना समझते हैं? मुझे यह बात बहुत दिलचस्प लगी और यही वजह है कि यह थ्रिलर मुझे बाकी फिल्मों से बिल्कुल अलग लगी.



## यंग इंडिया



# बिहार डीएलएड 2026 के आवेदन की तारीख बढ़ी

**बिहार** विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी), पटना ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) सत्र 2026-28 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 09 जनवरी 2026 कर दी है. यह प्रवेश प्रक्रिया संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 के माध्यम से आयोजित की जा रही है.

डीएलएड के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 दिसंबर 2025 से शुरू हुई थी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अनुरोध को देखते हुए बोर्ड ने उम्मीदवारों को अतिरिक्त समय देने का फैसला लिया है. आवेदन शुल्क सामान्य, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 960 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 760 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस और मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है. आयु सीमा की बात करें तो 01 जनवरी 2026 के अनुसार न्यूनतम आयु 17 वर्ष तय की गई है, जबकि अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं रखी गई है नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी.

शैक्षणिक योग्यता के तहत किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जिसमें सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 45 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं. डीएलएड प्रवेश परीक्षा 19 जनवरी से 18 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएगी,

शैक्षणिक योग्यता के तहत किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, जिसमें सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए 45 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं. डीएलएड प्रवेश परीक्षा 19 जनवरी से 18 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएगी, प्रवेश पत्र 10 जनवरी 2026 को जारी होंगे, उत्तर कुंजी पर आपत्तियां 26 फरवरी से 01 मार्च 2026 तक ली जाएंगी.

# बैंक ऑफ इंडिया में सुनहरा मौका

## 400 प्रशिक्षु पदों पर भर्ती

**बैंक** ऑफ इंडिया (बीओआई) ने प्रशिक्षु भर्ती 2025 के तहत युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान किया है. बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रशिक्षु पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है, जिसके अंतर्गत कुल 400 पदों पर चयन किया जाएगा. इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 10 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं.

आयु सीमा की बात करें तो 01 दिसंबर 2025 की स्थिति में अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि पद के अनुसार आयु में छूट बैंक के नियमों के तहत मान्य होगी. शैक्षणिक योग्यता के रूप में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक (ग्रेजुएशन) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 800 रुपये, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 600 रुपये, जबकि सभी वर्गों की महिला अभ्यर्थियों के लिए 400 रुपये रखा गया है, जिसका भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस और मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है.



चयन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों को पहले ऑनलाइन लिखित परीक्षा देनी होगी, इसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन, भाषा दक्षता परीक्षण और अंत में चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा.

परीक्षा तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी और प्रवेश पत्र परीक्षा से पहले जारी होंगे, जबकि परिणाम की जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी. आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट बैंकऑफइंडिया.को.इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा. बैंक ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, ताकि अंतिम तिथि, आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता से संबंधित किसी भी प्रकार की गलती से बचा जा सके.

बैंक ऑफ इंडिया प्रशिक्षु भर्ती 2025 उन युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर भविष्य में स्थायी रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं.

# बिहार में खेल प्रशिक्षक के पदों पर भर्ती शुरू

**बिहार** तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) ने खेल प्रशिक्षक भर्ती 2025 के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इस भर्ती के माध्यम से राज्य में कुल 48 खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुकी है और इच्छुक व पात्र अभ्यर्थी 22 जनवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं. यह भर्ती विज्ञापन संख्या 33/2025 के अंतर्गत की जा रही है. आयु सीमा की बात करें तो 01 अगस्त 2025 की स्थिति में न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि अधिकतम आयु वर्ग के अनुसार तय की गई है.

अनारक्षित वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 37 वर्ष, अनारक्षित महिला तथा पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के पुरुष व महिला अभ्यर्थियों के लिए 40 वर्ष, जबकि



अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पुरुष व महिला अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 42 वर्ष रखी गई है. आयोग के नियमों के अनुसार आयु में छूट भी दी जाएगी. आवेदन शुल्क सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए मात्र 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस और मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है. शैक्षणिक योग्यता के तहत अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही संबंधित खेल विधा में खेल प्रशिक्षण में डिप्लोमा होना चाहिए, जो भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय खेल संस्थान, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर, नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से होना चाहिए.

# रेलवे आरआरबी ग्रुप में 22,000 पदों पर भर्ती शुरू

RRB Group D Recruitment

**रेलवे** भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने ग्रुप-डी (लेवल-1) भर्ती 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. इस भर्ती के तहत लगभग 22,000 पदों पर चयन किया जाएगा. इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 21 जनवरी 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अंतिम तिथि 20 फरवरी 2026 तय की गई है. आयु सीमा के अनुसार, अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 36 वर्ष होनी चाहिए. आरआरबी नियमों के अनुसार विभिन्न पदों पर आयु में छूट दी जाएगी. इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, या उनके पास एनसीवीटी द्वारा जारी नेशनल अप्रेंटिसशिप सर्टिफिकेट (एनएसी) होना चाहिए.

आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 500 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ईबीसी, महिला और ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये निर्धारित किया गया है. आवेदन शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस और मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है. इस भर्ती में चयन प्रक्रिया के अंतर्गत पहले कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी-1) लिया जाएगा, उसके बाद फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, दस्तावेज़ सत्यापन और अंत में चिकित्सकीय परीक्षण होगा. परीक्षा तिथि और प्रवेश पत्र की जानकारी परीक्षा से पहले आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी. अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें ताकि अंतिम तिथि, आयु सीमा और शैक्षणिक योग्यता में किसी प्रकार की गलती न हो. आरआरबी ग्रुप-डी भर्ती 2026 उन उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जो भारतीय रेलवे में स्थायी रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाना चाहते हैं. यह भर्ती ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर पेश करती है. इच्छुक उम्मीदवार भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आरआरबी ग्रुप-डी भर्ती 2026 का उद्देश्य रेलवे के विभिन्न स्तरों पर योग्य और प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती करना है, जिससे रेलवे की कार्यकुशलता और सेवा गुणवत्ता दोनों में सुधार हो. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय रहते अपना आवेदन पूरा करें और परीक्षा की तैयारी के साथ आवश्यक दस्तावेजों की पुष्टि भी कर लें.